संवाद
स्पंदन...2

कहानी
सेवा...2

महिलाओं के लिए
मिसाल सुजूकी...3

पुराने दौर की नई
लेखिका यास्मीन...4

पत्रिका रविवार, 18 नवम्बर 2012

...र करने का हुनर है तो इस
... जिसके बारे में सोचा जाए कि काश
... है कि नए विचारों को नव युवतियां
...र-




# युवाओं की चाहत मेरा करियरगाइड.कॉम

डॉट कॉम

**पेशे** से डिजाइनिंग इंजीनियर सुरभि देवड़ा ने कुछ अलग और अनूठा करने की ठानी तो सामने आया *मेरा करिअर गाइड डॉट कॉम।* यह इंटरनेट पर पढ़ाई व करियर संबंधी सलाह पाने का अनूठा ठिकाना है। इंटरनेट की पहुंच और प्रभाव का उपयोग करते हुए सुरभि ने जून 2009 में अपने एक साथी लव चोपड़ा के साथ मिलकर इस उद्यम को शुरू किया। इसके जरिए सुरभि और उनकी टीम दसवीं कक्षा से लेकर कॉलेज की पढ़ाई और उसके बाद करियर बनाने को लेकर तमाम तरह की शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान और विकल्प उपलब्ध करा रही हैं।

**बिजनेस आइडियाः** सुरभि बताती हैं कि मैं चाहती तो अपने 9 से 5 बजे वाले जॉब में लगी रहती लेकिन कुछ नया करने की बैचेनी ने मुझे यह आइडिया दिया। बाकी युवाओं की तरह मेरे जीवन में भी करियर चुनने के दौरान दौराहे आए लेकिन मैं भाग्यशाली रही कि बिट्स पिलानी में पढ़ाई से मुझे नई दिशा मिली और अच्छे लोगों का संरक्षण भी प्राप्त हुआ। करियर को लेकर सलाह देना मैंने कॉलेज की पढ़ाई के दौरान शुरू कर दिया था।

**चुनौती और सफलताः** देश-दुनिया में करिअर काउंसलिंग सेवा देने वाले दर्जनों ऐसे पोर्टल हैं लेकिन उनमें यह अनूठा इसलिए हैं क्योंकि यह बेहद कस्टमाइज्ड यानी व्यस्थित और व्यक्तिगत है और इसके विकल्प डराते नहीं। दिन ब दिन सस्ते हो रहे इंटरनेट की पहुंच से खासकर, छोटे कस्बों के बच्चों के लिए यह बेहद उपयोगी ठिकाना है। सुरभि बताती हैं कि हम करीब एक हजार छात्रों को हर रोज सेवाएं दे रहे हैं और हमारा वर्तमान लक्ष्य एक हजार स्कूल-कॉलेजों तक पहुंचने का है। इसी वर्ष ऐसोचैम के एक कार्यक्रम में सुरभि के इस उद्यम को बेस्ट गाइडेंस प्लेटफार्म का सम्मान भी मिला है। वे कहती हैं इस सोच के पीछे समाज सेवा का भी भाव था। मैं चाहती थी कि जिस समाज ने मुझे यहां तक पहुंचाया है उसके लिए मैं भी तो कुछ करूं। आखिरकार मैंने युवाओं के करियर निर्माण में मदद देने की ठानी। अपने फैसले से मैं बहुत खुश हूं।

सुरभि और उनकी टीम दसवीं कक्षा से लेकर कॉलेज की पढ़ाई और उसके बाद कॅरियर बनाने को लेकर तमाम तरह की शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान और विकल्प उपलब्ध करा रही हैं।